स्पीड न्यूज



## दुलाल ने बनायी समीर की जीत की रणनीति

**जमशेदपुर।** बुधवार को भुइयांडीह के निर्मल नगर, छाया नगर में पूर्व मंत्री दुलाल भुइयां के नेतृत्व में झामुमो की बैठक हुई, जिसमें चुनावों को लेकर रणनीति बनी। इस बैठक के बाद समीर महंती ने कहा कि क्षेत्र में इंडिया गठबंधन के पक्ष में जनसंपर्क अभियान चलाया गया, जिसमें मिल रहे जनता के स्नेह, सहयोग एवं समर्थन से अभिभूत हूं।

## मॉर्निंग वॉकर्स ने बचायी पक्षी की जान



**जमशेदपुर।** कदमा मॉर्निंग वॉकर्स ग्रुप के सदस्यों ने बुधवार को पक्षियों की एक झुंड में एक पक्षी को मुश्किल में देख उसकी जान बचाने के लिए आगे बढ़े और पतंग की डोर से बुरे ढंग से फंसे उक्त पक्षी को कब्जे में लेकर धागों को बारीकी निकाल बाहर किया और उसकी जान बचायी, फिर पानी पिलाकर उसे आजाद किया। श्रीकांत देव ने कहा कि व्यक्ति को हमेशा मुसीबत के वक्त आगे बढ़कर सहयोग की भावना मानव धर्म निभाना चाहिए एवं मुसीबत में काम आना चाहिए।

## बागबेड़ा फायरिंग मामले में पंकज समेत छह गिरफ्तार,असलहे बरामद

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पुलिस ने बागबेड़ा फायरिंग के मामले में 6 और अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इन अपराधियों को पुलिस ने कोलकाता से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार बदमाशों में डेविड टोप्पो, मोहम्मद चांद,बृजेश कुमार पांडे, अभिमन्यु सिंह, नीरज दुबे और सुनील रजक शामिल हैं। सुनील रजक को जमशेदपुर से गिरफ्तार किया गया है बाकी अन्य अपराधियों को कोलकाता से गिरफ्तार किया गया है।

## मुसाबनी के सिकल सेल पीड़ित आर्यन को राजेश मार्डी ने लिया गोद



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला के सुदूर ग्रामीण क्षेत्र मुसाबनी प्रखंड के कुईलीसुता निवासी बिरजू मुर्मू के सात माह के एकमात्र बच्चे को जमशेदपुर निवासी राजेश मार्डी ने गोद ले लिया है। कल जमशेदपुर सदर अस्पताल के चिल्ड्रेन वार्ड में भर्ती आर्यन मुर्मू को देखने राजेश मार्डी स्वयं अस्पताल पहुंचे थे। आर्यन मुर्मू को हर महीने रक्त की जरूरत होती है और इनका ब्लड ग्रुप (इ-) बी निगेटिव हैं। फिलहाल सदर अस्पताल के शिशु चिकित्सक डॉ भागान हेम्ब्रम ने रक्त चढ़ाने की सलाह दी है और बच्चे की अभी जांच चल रही है। संभावना जताई जा रही है कि इन्हें सिकल सेल या थैलेसीमिया जैसी गंभीर बीमारी की शिकायत है जिससे बच्चे के शरीर में ब्लड नहीं बन पा रहा है।

# 19 को विद्युतवरण के लिए मऊ भंडार में सभा करेंगे पीएम मोदी

- भाजपा प्रत्याशी बिद्युतवरण महतो को जिताने की अपील करेंगे पीएम मोदी
- चुनावी जनसभा की तैयारी को लेकर प्रदेश प्रभारी डा वाजपेयी ने की बैठक
- कार्यकर्ताओं के परिश्रम से जीत की हैट्रिक लगायेंगे विद्युत वरण महतो : वाजपेयी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 19 मई (रविवार) को सुबह साढ़े नौ बजे जमशेदपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद सह भाजपा प्रत्याशी बिद्युत बरण महतो के समर्थन में घाटशिला के मऊ भंडार स्थित ताम्र मैदान में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा को सफल और ऐतिहासिक बनाने के लिये भाजपा ने तैयारियां प्रारंभ कर दी है। पीएम मोदी की सभा और लोकसभा की चुनाव रणनीति पर बुधवार को बिस्टुपुर स्थित चैंबर भवन में जमशेदपुर लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति की महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। इस दौरान भाजपा के झारखंड प्रदेश प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेयी, सांसद बिद्युत बरण महतो, छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष सह विधायक धरमलाल कौशिक, पूर्व विधायक बरकुंवर गागराई, प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह, जमशेदपुर लोकसभा के सह प्रभारी मुरलीधर केडिया, संयोजक सह प्रदेश मंत्री नंदजी प्रसाद, सह संयोजक लक्ष्मण टुडू, जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा, सह संयोजक राजकुमार श्रीवास्तव, अनिल सिंह समेत जमशेदपुर के तमाम बड़े नेतागण शामिल हुए। बैठक में जमशेदपुर के विभिन्न विस क्षेत्रों में मतदान के दिन कार्यकर्ताओं एवं नेताओं की भूमिका एवं दायित्वों पर विस्तारपूर्वक चर्चा हुई। बैठक में कार्यकर्ताओं को कहा गया कि अब जब मतदान में कम दिन का समय शेष है, वैसे में सभी कार्यों को मिशन मोड में लेकर पूरा करें।



चेंबर भवन, बिष्टुपुर में तैयारी बैठक को संबोधित करते डॉ लक्ष्मीकांत।

बैठक में झारखंड प्रभारी सह राज्यसभा के सांसद डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने बूथ प्रबंधन पर विशेष रूप से संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मतदान के दिन अपने-अपने बूथों पर विशेष रूप से चौकस रहें। इसके लिए सभी मंडल अध्यक्ष अपने-अपने मंडल क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान तेज कर लोगों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं सांसद बिद्युत महतो के उल्लेखनीय कार्यों के साथ झारखंड सरकार की करतूतों पर जागरूक करें। डॉ वाजपेयी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा को लेकर भी महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दिया। झारखंड की धरती से मोदी जी का गहरा नाता रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से घाटशिला के मऊ भंडार में आयोजित रैली को ऐतिहासिक और भव्य बनाने के लिए कार्यकर्ताओं से पूरी तन्मयता से जुटने का आह्वान किया।

वहीं, प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा को सफल बनाने के लिए रणनीति बनाकर कार्य करने की अपील की। उन्होंने कहा कि 19 मई को किसी भी हालत में कार्यक्रम स्थल पर दो घंटे पूर्व पहुंचने का प्रयास करें। घाटशिला की सभा ऐतिहासिक हो इसके लिए बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं के साथ आम नागरिकों को आमंत्रित करें।

भाजपा प्रत्याशी व सांसद बिद्युत बरण महतो ने कहा कि भाजपा कार्यकताओं के परिश्रम के बल पर जमशेदपुर की प्रबुद्ध जनता ने दो बार अपना प्यार और आशीर्वाद भाजपा को दिया है। बीते दस वर्षों में केंद्र की दर्जनों महत्वकांक्षी योजनाओं को जिले के विभिन्न क्षेत्रों में धरातल पर उतारने में सफलता मिली है। आज दस वर्ष के कार्यकाल और प्रयासों से सुखद अनुभूति होती है। उन्होंने रेलवे के क्षेत्र में अपने प्रयासों को जनता के लिए सबसे महत्वपूर्ण और उल्लेखनीय कार्य बताया। इसके साथ ही, ईएसआई अस्पताल, ग्रामीण क्षेत्र में हाई मास्ट लाइट, पीएम ग्रामीण सड़क योजना से सड़क निर्माण, सब स्टेशन और पावर ग्रिड का निर्माण, जुगसलाई आरओबी, नेशनल हाइवे 33 समेत नल से जल योजना, पीएम आवास योजना, उज्ज्वला योजना में जिले में क्रियान्वयन पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि आने वाले पांच वर्षों में जनता की अन्य आवश्यकता और जरूरतों को प्राथमिकता और प्रतिबद्धता के साथ पूरा करेंगे। कहा कि कार्यकर्ताओं के सहयोग से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के संकल्प 400 के पार में जमशेदपुर की भूमिका सराहनीय रहेगी।

# टाटा स्टील ने नोआमुंडी और वेस्ट बोकारो में खोले दो नये अस्पताल

- कंपनी के सीइओ एंड एमडी ने किया नये अस्पतालों का उद्घाटन
- दो नये अस्पताल क्षेत्र में लगभग 200 बेड की क्षमता बढ़ायेगी कंपनी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील ने बुधवार को झारखंड के नोआमुंडी और वेस्ट बोकारो में दो नये टाटा मेन हॉस्पिटल (टीएमएच) का उद्घाटन किया। इन अत्याधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं का उद्देश्य क्षेत्र में चिकित्सा सेवाओं में क्रांति लाना है, जिससे लगभग 200 बेड की क्षमता बढ़ेगी। उद्घाटन टाटा स्टील के सीईओ और एमडी टीवी नरेंद्रन ने किया। मौके पर चाणक्य चौधरी, वाइस प्रेसिडेंट, कॉरपोरेट सर्विसेज, टाटा स्टील, डी.बी. सुंदरा रामम, वाइस प्रेसिडेंट, रॉ मेटेरियल्स, टाटा स्टील अक्षय खुल्लर, वाइस प्रेसिडेंट, इंजीनियरिंग एंड प्रोजेक्ट्स, टाटा स्टील सहित कंपनी के अन्य वरिष्ठ अधिकारी और यूनियन के सदस्य मौजूद थे। दो नये अस्पतालों का शामिल होना वैश्विक गैर-संचारी और पुरानी बीमारियों में उछाल के कारण स्वास्थ्य सेवाओं की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए टाटा स्टील के सक्रिय दृष्टिकोण को दर्शाता है। टाटा स्टील के सीईओ और प्रबंध निदेशक टीवी नरेंद्रन ने कहा कि नोआमुंडी और वेस्ट बोकारो में दो नए अत्याधुनिक टाटा मेन हॉस्पिटल के जुड़ने से हमारे कर्मचारियों, उनके परिवारों और समुदाय के लिए इस क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं में और बढ़ोतरी होगी।


नोवामुंडी में अस्पताल का उद्घाटन करते टीवी नरेंद्रन। साथ में वीपी डीबी सुंदररामम, चाणक्य चौधरी व मेडिकल सर्विसेज के जीएम डॉ सुधीर राय व अन्य।

# बालाजी कंपनी में ब्लास्ट, सात मजदूर झुलसे

- आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र फेज-6 में स्थित है कंपनी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र के फेज -6 स्थित सुधा डेयरी के सामने की कंपनी बालाजी कृष्णा इंजीटेक कंपनी में आज शाम टैंक में हुए ब्लास्ट से 7 मजदूर बुरी तरह जल गये। ब्लास्ट के बाद वहां बहुत भयंकर आग लग गयी और आसपास खड़े वाहनों को भी आग ने अपनी चपेट में ले लिया। कंपनी प्रबंधन ने आनन-फानन में घायल मजदूरों को टाटा मेन हॉस्पिटल में भर्ती कराया है। घायलों में कई मजदूरों की स्थिति गंभीर है।

जानकारी के मुताबिक बालाजी कंपनी में पुरानी मोबिल को प्यूरीफाई कर उसे इस्तेमाल करने लायक मोबिल बनाया जाता है। इसी क्रम में आज जब पुराना मोबिल डाउनलोड किया जा रहा था तभी टैंक में विस्फोट हो गया। उस वक्त माल डाउनलोड करने के लिए गाड़ी लेकर गए सुरत अली का बेटा युवक वाजिद अली समेत सात मजदूर घायल हो गए और वाहन भी जल कर खाक हो गया। अनिल महतो ने कहा कि उनका भतीजा इस दुर्घटना में घायल हो गया है और हमलोग उसकी बेहतरी के लिए प्रार्थना कर रहे हैं।

दूसरी ओर, झारखंड अग्निशमन विभाग के दो दमकल बालाजी कंपनी पहुंचे और बड़ी मुश्किल से आग पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार कंपनी के हीट ट्रीटमेंट मशीन में तेल डालने के दौरान अचानक चिंगारी भड़की और देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। इसकी जद में कंपनी में काम कर रहे सात मजदूर आ गये।


टीएमएच की इमर्जेंसी में इलाज के लिए ले जाया जाता बालाजी कंपनी का एक घायल।

**घायलों के नाम**

ललन सिंह, सोमा जामुदा, दिलीप मुर्मू, अजय टांडी, सावन सोरेन और श्रीराम टप्पे।

## नीमडीह में लक्ष्मीकांत वाजपेई और लुईस मरांडी ने कांग्रेस झामुमो पर बोला हमला



**खबर मन्त्र प्रतिनिधि**

**चांडिल।** नीमडीह के रघुनाथपुर में भाजपा एनडीए गठबंधन का महिला सह लाभार्थी सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि प्रदेश चुनाव प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेई एवं पूर्व मंत्री डॉ लुईस मरांडी आयोजित सभा को सम्बोधित किया। लक्ष्मीकांत वाजपेई ने कहा विकसित व मजबूत भारत के लिए भाजपा को वोट दें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश सशक्त बन रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देशवासियों के लिए कई महत्वाकांक्षी और लाभकारी योजना चलाया जा रहा है। केन्द्र सरकार ने महिलाओं के नाम 12 करोड़ शौचालय बनाए। गांव की महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं स्वावलंबी बनाने कि दिशा में कई काम कर रही है। तेजाब से पीड़ित बहनों के लिए दो सौ करोड़ का निर्भया फंड। मोदी ने लॉक डाउन के समय पका हुआ भोजन पहुंचाने का काम किया है। धर्म के आधार पर मुसलमानों को दिया जा रहा आरक्षण को हटाने का काम करेंगे। लुईस मरांडी ने कहा महिलाओं को केन्द्र सरकार ने सम्मान देने का काम किया है। प्रदेश में चल रहे झामुमो कांग्रेस की सरकार महिला विरोधी हैं।

## झामुमो प्रत्याशी समीर मोहंती के पक्ष में खुलकर उतरी कांग्रेस, साथ की जन सभा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** बुधवार को चुनावी रणनीति बनाने हेतु कदमा (जमशेदपुर) स्थित कांग्रेस कार्यालय में पश्चिम विधानसभा स्तरीय बैठक आयोजित की गई, जिसमें जिला कांग्रेस के कई प्रमुख नेताओं ने सहभागिता की। इस बैठक में पहुंचे इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार समीर कुमार मोहंती का कांग्रेस नेताओं ने जोरदार स्वागत किया। बैठक के दौरान यह तय हुआ कि समीर मोहंती के चुनाव प्रचार में कांग्रेस के सभी नेता तन-मन-धन से शामिल होंगे। इस बैठक को संबोधित करते हुए समीर मोहंती ने स्वयं को एक गरीब किसान का बेटा बताया। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ लोकसभा प्रत्याशी का चुनाव नहीं, बल्कि लोकतंत्र को बचाने का एक अवसर है।



## झामुमो छोड़ आजसू में शामिल हुए कई कार्यकर्ता पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस ने दिलायी सदस्यता



**जमशेदपुर।** बुधवार को दोपहर 12 बजे टेल्को स्थित हाई स्काई होटल में एक मिलन समारोह जिला प्रवक्ता अप्पू तिवारी के प्रयास से पंकज मिश्रा के नेतृत्व में कई लोग शामिल हुए। मिलन समारोह की अध्यक्षता पार्टी के जिला अध्यक्ष कन्हैया सिंह ने किया, जबकि संचालन जिला प्रवक्ता अप्पू तिवारी और धन्यबाद ज्ञापन आजसू पिछड़ा मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रकाश विश्वकर्मा ने किया। समारोह मे बतौर मुख्य अतिथि रामचंद्र सहिस ने कहा कि पार्टी मे शामिल होने वाले सभी का स्वागत करते हैं। उम्मीद करते हैं कि आप पार्टी के नीति सिद्धांत को ध्यान में रख पार्टी हित मे निरंतर सेवा करेंगे।

## सीएम ने मिलानी में बंग बंधु के कार्यक्रम को किया संबोधित


मिलानी में मुख्यमंत्री चंपई सोरेन का अभिनंदन करते श्रीलेदर्स के निदेशक व समाजसेवी शेखर डे। साथ में झामुमो के प्रधान महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य।

# अरका जैन यूनिवर्सिटी ने एलॉयड हेल्थ केयर के तीन नये पाठ्यक्रम लांच किये

- नये कोर्स : बीएससी (ऑनर्स) इन मेडिकल लेबोरेटरी टेक्नोलॉजी
- बीएससी (ऑनर्स) इन एनेस्थीसिया एंड ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी
- बीएससी (ऑनर्स) इन इमर्जेंसी मेडिकल टेक्नोलॉजी
- नये कोर्स के लिए यूनिवर्सिटी ने एम्वेरसिटी के साथ किया है एमओयू

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जमशेदपुर।** अरका जैन यूनिवर्सिटी ने बेंगलुरू स्थित नवोन्मेषी शिक्षण संस्थान एम्वेरसिटी के समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया, जिसके तहत यूनिवर्सिटी में एलायड हेल्थ केयर के तीन नये प्रोग्राम शुरू किए जा रहे हैं। छात्रों को आवेदन के लिए बारहवीं में साइंस स्ट्रीम से पास होना जरूरी है। नए कोर्स में बीएससी (ऑनर्स) इन मेडिकल लेबोरेटरी टेक्नोलॉजी, बीएससी (ऑनर्स) इन एनेस्थेसिया एंड ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी, बीएससी (ऑनर्स) इन इमर्जेंसी मेडिकल टेक्नोलॉजी शामिल है। ये तीनों कोर्स चार वर्षीय स्नातक प्रोग्राम हैं।

साकची स्थित एक होटल में आयोजित प्रेसवार्ता में अरका जैन यूनिवर्सिटी के निदेशक व कुलसचिव डॉ अमित श्रीवास्तव ने कहा कि इस प्रोग्राम के माध्यम से न सिर्फ यूनिवर्सिटी ज्ञान व व्यवहार कुशल मानव संसाधन तैयार करने के अपने उद्देश्य को पूरा करने में सफल होगी, बल्कि एलायड हेल्थ केयर के क्षेत्र में नयी क्रांति आयेगी।


प्रेस वार्ता में नये पाठ्यक्रम के बारे में जानकारी देते रजिस्ट्रार एंड डायरेक्टर डॉ अमित श्रीवास्तव। साथ में बायें से अभिषेक कुमार, राहुल राज, डा एसएस रजी और डा अंगद तिवारी।

चुनाव का पर्व DESH KA GARV LOK SABHA ELECTION 2024

सुदृढ़ प्रजातंत्र हेतु वृहत्तर सहभागिता

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखण्ड का कार्यालय,
निर्वाचन सदन, सेक्टर-2, धुर्वा, राँची-834004
E-mail : ceocomputercell1@gmail.com

आम सूचना

कोई मतदाता न छूटे

लोकसभा आम निर्वाचन - 2024
पांचवां चरण
मतदान की तिथि - 20 मई, 2024

Making Elections Accessible

लोकसभा आम निर्वाचन - 2024 के अवसर पर निर्वाचन प्रक्रिया पर निगरानी रखने एवं पर्यवेक्षण कार्य हेतु 04-चतरा, 05-कोडरमा, 14-हजारीबाग संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों के लिए भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के स्तर से नियुक्त सामान्य प्रेक्षक, पुलिस प्रेक्षक एवं व्यय प्रेक्षक की विवरणी निम्न प्रकार से है :-

| क्रम सं0 | संसदीय निर्वाचन क्षेत्र | सामान्य प्रेक्षक का नाम एवं मोबाइल नम्बर | पुलिस प्रेक्षक का नाम एवं मोबाइल नम्बर | व्यय प्रेक्षक क नाम एवं मोबाइल नम्बर |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 04 - चतरा | Nikhil Nirmal Mob.: 6204946414 | Gopesh Agrawal Mob.: 6206496097 | Saikat Basu Mob.: 6200319653 |
| 2. | 05 - कोडरमा | Alok Kumar Singh Mob.: 9304674574 | Nelli Kumar Subramanyam Mob.: 8987796321 | Gandhi Donthi Mob.: 8294677561 |
| 3. | 14 - हजारीबाग | Chandramauli Shukla Mob.: 8987796320 | Nelli Kumar Subramanyam Mob.: 8987796321 | Rajesh Vithalrao Shelke Mob.: 8987833278 21- Barhi, 22- Barkagaon & 25- Hazaribagh AC<br>Tangirala Muralidhar Mob.: 8092559737 23- Ramgarh & 24- Mandu AC |

04-चतरा, 05-कोडरमा, 14-हजारीबाग संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों के सभी मतदाता, राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि एवं प्रत्याशी लोकसभा आम निर्वाचन - 2024 के दौरान चुनाव प्रक्रिया से जुड़ी किसी भी प्रकार की शिकायत/सुझाव के संबंध में आवश्यकतानुसार संबंधित प्रेक्षकों से संपर्क कर सकते हैं।

वोटर्स हेल्पलाईन (टॉलफ्री) - 1950 / 1800-331-1950

बेहतर सुविधा और अधिक जानकारी के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी मोबाइल एप्प को डाउनलोड करें

Voter Helpline
cVIGIL
Saksham-ECI
KYC-ECI

PRNO 324845 (Election) 24-25

(के0 रवि कुमार)
मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखण्ड

इस बार दिन भर मतदान सुबह 07 से 05 बजे शाम।

## स्पीड न्यूज

### बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री सुमो के निधन पर भाजपा में शोक

**मेदिनीनगर।** बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सह भाजपा के कदावर नेता सुशील कुमार मोदी का निधन बीते दिन इलाज के दौरान एम्स में हो गया। वे कैंसर रोग से पीड़ित थे। जिनका लंबे समय से इलाज चल रहा था। जिन्होंने अंतिम सांस सोमवार को एम्स में लिया। इनका पार्थिव शव मंगलवार को बिहार लाया गया। जो बुधवार को पंचतत्व में राजकीय सम्मान के साथ विलीन हो गये। इनके निधन की खबर मिलने पर पलामू भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच शोक की लहर फैल गई। भाजपा नेता प्रेम सिंह ने कहा कि वे कुशल नेतृत्व क्षमता के नाम से जाने जाते थे। जिन्हें लोग प्यार से सुमो कहते थे। श्यामनारायण दूबे ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि वे पार्टी के लिए सदैव समर्पित रहते हुए आम कार्यकर्ताओं के लिए सुरक्षा कवच के रूप में सदैव खड़ा रहा करते थे। शोक व्यक्त करनेवालों में मनोज सिंह, अमलेश दुबे, नीलू मिश्रा, जिलाध्यक्ष अमित तिवारी, कामेश्वर कुशवाहा, नरेंद्र पांडेय, सुनील पासवान, सुधीर पासवान, विजयानंद पाठक, परशुराम ओझा, दुर्गा जौहरी, उदय शुक्ला, विजय ओझा, श्रवण गुप्ता, प्रदीप सिन्हा समेत कई लोगों का नाम शामिल है। स्व मोदी के निधन पर भाजपा नेताओं ने शोक संवेदना व्यक्त की है।

### प्राथमिकी दर्ज कर लेस्लीगंज थाना प्रभारी से न्याय दिलाने की मांग

■ रजिस्टर से मिलान करने पर भूमि स्वामित्व प्रमाण पत्र पाया गया फर्जी : महेंद्र राम

**नीलांबर पीतांबरपुर, पलामू।** पांडू प्रखंड के ग्राम झरना कला निवासी महेंद्र राम नीलांबर पीतांबरपुर प्रखंड में अंचल निरीक्षक के पद पर कार्यरत हैं। श्री राम ने लेस्लीगंज थाना प्रभारी को आवेदन देकर आरोपी पर मामला दर्ज कर न्याय दिलाने की गुहार लगायी है। श्री राम ने आवेदन में कहा है कि राजस्व उप निरीक्षक रितेश रंजन तिवारी द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि ग्राम अखौरी दीदरी थाना लेस्लीगंज में भूमि स्वामित्व प्रमाण पत्र को त्रियुगी नारायण शुक्ल पिता रामधारी शुक्ल के नाम से निर्गत है। राजस्व उप निरीक्षक ज्योत्सना आभा कुजूर ने भी प्रतिवेदित किया है कि भूमि स्वामित्व को जय राम महतो पिता स्व प्रताप महतो के नाम से ग्राम ओरिया कला का व भूमि स्वामित्व प्रमाण पत्र पिता स्व प्रताप महतो के नाम से ग्राम ओरिया कला का व भूमि स्वामित्व प्रमाण पत्र जगदेव महतो के नाम से ग्राम शाहद थाना लेस्लीगंज का भूमि स्वामित्व प्रमाण पत्र निर्गत किया गया है। प्रभारी अंचल निरीक्षक का हस्ताक्षर व सीओ का हस्ताक्षर कंप्यूटर से पेस्ट किया हुआ है। रजिस्टर से निर्गत भूमि स्वामित्व प्रमाण पत्र मिलान किया गया तो पाया गया कि भूमि स्वामित्व प्रमाण पत्र जो उमेश तिवारी व जितेंद्र तिवारी, सरोज देवी व शोभा देवी के नाम से निर्गत है। भूमि स्वामित्व प्रमाण पत्र फर्जी है। स्वामित्व प्रमाण पत्र में अंचल अधिकारी का हस्ताक्षर किया गया है वे सीओ हस्ताक्षर करने के पूर्व स्थानांतरित हो चुके हैं। उन्होंने फर्जी हस्ताक्षर कर भूमि स्वामित्व प्रमाण पत्र निर्गत करने वाले अज्ञात व्यक्तियों पर मामला दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है।

### पुलिस ने ऑटो चोरी का किया खुलासा, दो गिरफ्तार एक फरार



**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के जनकपुरी बारालोटा निवासी अरबिंद पांडेय का टेंपो (जेएच 03 सी 7969) चोरों ने 11 मई की रात चोरी कर ली। जिसकी प्राथमिकी उन्होंने शहर थाना में 12 जून को कराया। इस मामले में शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार ने प्रेस वार्ता कर बताया कि वरीय अधिकारी के निर्देश पर छापेमारी दल का गठन कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया। गुप्त सूचना के आधार पर पांकी पुलिस के सहयोग से सगालिम मोड़ के पास दो युवक को पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ की। दोनों ने चोरी की घटना को स्वीकारते हुए बताया कि उक्त टेंपो को बारालोटा के गुंजन पांडेय, जमशेद आलम उर्फ सिमू पिता क्यूम शेख ग्राम तेतराईं एवं अभिषेक चंद्रवंशी पिता स्व महेश राम जनकपुरी बारालोटा के साथ मिलकर चोरी की घटना को अंजाम दिया। उक्त टेंपो को जमशेद आलम चलाकर तेतराईं आया। जहां जमशेद के घर के पास टेंपो को झाड़ी में छिपा दिया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि तीनों चोर टेंपो को बेचने के फिराक में सगालिम मोड़ के पास खड़ा होकर ग्राहक तलाश रहे थे। छापेमारी दल में एसडीपीओ मणिभूषण प्रसाद, थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार, पुअनि संतोष कुमार, सअनि भूपेंद्र कुमार सिंह, आरक्षी कलामुद्दीन अंसारी, अचू मुंडा व अन्य शामिल थे।

### वज्रगृह में इवीएम, दो लेयर की सुरक्षा

**मेदिनीनगर।** पलामू लोकसभा चुनाव समाप्ति के बाद 2427 मतदान केंद्रों से मतदानकर्मियों ने चुनाव संपन्न कराने के बाद इवीएम लेकर जीएलए कॉलेज स्थित स्ट्रांग रूम में जमा किये। जहां पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त के निर्देश पर सभी इवीएम को बक्शा में सील कर ब्रजगृह में रखा गया। वहीं जनप्रतिनिधि के समक्ष स्ट्रांग रूम को सील कर दिया गया। वज्रगृह के चारों तरफ सीसीटीवी कैमरे से निगरानी की जा रही है। ताकि सुरक्षा को लेकर किसी भी प्रत्याशी के मन में किसी प्रकार की कोई आशंका या दुविधा न रहे। वहीं दूसरी ओर पीठासीन पदाधिकारियों के समीक्षा के बाद निर्वाचन आयोग के निर्देश के आलोक में समीक्षा की गयी। इसके बाद सभी इवीएम को सुरक्षित वज्रगृह में रखकर सील किया गया। इसके दो लेयर के सुरक्षा लगाये गये हैं। पहला लेयर में जिला सशस्त्र बल के जवान को तैनात किया गया है। जबकि आंतरिक सुरक्षा में केंद्रीय बल को लगाया गया है। इसके साथ ही सीसीटीवी 24 घंटे सक्रिय रहेगा।

### न्याय रथ पहुंचा चैनपुर, सुनी समस्याएं



**मेदिनीनगर।** पलामू जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने चैनपुर बाजार में चलंत लोक अदालत सह न्याय रथ पहुंचा। इसके तहत लोगों को कानूनी जानकारी के अलावे जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा उपलब्ध पंपलेट, कानूनी पुस्तक आदि बांटा गया। मौके पर लीगल एड डिफेंस काउंसिल के असिस्टेंट नीतू सिंह ने कहा कि चलंत लोक अदालत से गांव-गांव में जाकर लोगों को कानून के प्रति जागरूक किया जा रहा है। साथ ही सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। ताकि लोग जागरूक होकर अपना हक अधिकार पा सकें। उन्होंने लोगों को जिला विधिक सेवा प्राधिकार से मिलने वाली सुविधाओं के बारे में बताया। कहा कि कोई भी व्यक्ति केस लड़ने से वंचित नहीं रहेगा। लीगल एड डिफेंस काउंसिल के माध्यम से लोगों को मुफ्त केस लड़ा जा रहा है। साथ ही डालसा के द्वारा कई स्कीम चलाये जा रहे हैं। 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों से काम कराना कानूनन जुर्म हैं।

# बेहतर रिजल्ट स्कूल के विद्यार्थियों और शिक्षकों के परिश्रम का परिणाम : प्राचार्य

■ आदित्य बिड़ला पब्लिक स्कूल रेहला के विद्यार्थियों ने 10वीं व 12वीं की परीक्षा में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**विश्रामपुर पलामू।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद नई दिल्ली द्वारा आयोजित 10वीं और 12वीं का बोर्ड परीक्षा में आदित्य बिड़ला पब्लिक स्कूल रेहला के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपना और विद्यालय का नाम रौशन किया है। विद्यार्थियों की सफलता से विद्यालय परिवार सहित पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल व्याप्त है।

विदित हो कि यह विद्यालय अपनी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु संकल्पित रहा है। अपनी चुनौतीपूर्ण शिक्षण व्यवस्था के कारण न केवल पलामू जनपद वरन आस-पास के जिलों में भी ख्याति अर्जित की है। अपने नाम और काम को चरितार्थ करते हुए प्रत्येक वर्ष की तरह इस बार भी यहां के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम देकर सबको अचंभित कर दिया है। इस वर्ष 10वीं और 12वीं का परीक्षा परिणाम 100% रहा। 10वीं की परीक्षा में कुल 100 परीक्षार्थियों ने भाग लिया जिसमें से 22 परीक्षार्थियों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त किया तथा तथा 66 परीक्षार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 75% से अधिक अंक अर्जित किया। 10वीं का छात्र विशाल कुमार 96.6% अंक प्राप्तकर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा विदुषी प्रखर 96.4% अंक प्राप्तकर द्वितीय तो वहीं 95.6% अंक लाकर कृष्णकांत ने तृतीय स्थान हासिल किया।

# व्यय लेखा की जांच नहीं कराने वाले छह अभ्यर्थियों को भेजा गया नोटिस

**चतरा लोकसभा**
1. बहुजन मुक्ति पार्टी के महेश बांडो
2. समता पार्टी के सुमित यादव
3. स्वतंत्र रूप से लड़ रहे विक्रांत कुमार सिंह और अबुजर खान
4. सीपीआई के अर्जुन कुमार
5. भागीदारी पार्टी के लव कुमार पंडित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** चतरा जिला के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने लोकसभा का निर्वाचन लड़ रहे बहुजन मुक्ति पार्टी के महेश बांडो, समता पार्टी के सुमित कुमार यादव, स्वतंत्र रूप से लड़ रहे विक्रांत कुमार सिंह व अबुजर खान, सीपीआई के अर्जुन कुमार एवं भागीदारी पार्टी के लव कुमार पंडित कुल 6 प्रत्याशियों को व्यय से संबंधित लेख जांच नहीं करने को लेकर नोटिस जारी किया है। दरअसल 14 मई को निर्वाचन व्यय से संबंधित लेखा का निरीक्षण के लिये दूसरी तिथि निर्धारित की गयी थी इसके बावजूद उपरोक्त छः प्रत्याशियों द्वारा व्यय प्रेक्षक के समक्ष निर्वाचन व्यय से संबंधित लेखा का निरीक्षण के लिये व्यय पंजी प्रस्तुत नहीं किया गया और ना ही उनके एजेंट के द्वारा किया गया सभी छः प्रत्याशी/चुनाव अभिकर्ता निरीक्षण में अनुपस्थित रहे। उपरोक्त सभी प्रत्याशियों को नोटिस जारी करते हुए कहा गया है कि यदि लेखा निरीक्षण के लिये निर्धारित तीसरी तिथि 18 मई को पूर्वाह्न 11 बजे से 5 बजे अपराह्न तक व्यय प्रेक्षक के समक्ष चतरा डी. एम.एफ.टी. प्रशिक्षण भवन में लेखा निरीक्षण के लिये उपस्थित नहीं होते हैं और उनके द्वारा प्रतिनियुक्ति चुनाव अभिकर्ता के द्वारा व्यय पंजी प्रस्तुत नहीं किया जाता है तो उन सभी के विरुद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 77 के तहत यह माना जायेगा कि निर्वाचन व्यय से संबंधित लेख संधारित करने में आप असफल रहें हैं एवं आप लोग के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

भाजपा पिछड़ा जाति मोर्चा के **सामाजिक सम्मेलन में बोले डॉ शशिभूषण**

# मोदी को पीएम बनाने के लिए भाजपा के पक्ष में करें मतदान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पांकी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पांकी प्रखंड के ग्राम डंडार के लालीमाटी में भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा जाति मोर्चा का सामाजिक सम्मेलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें चतरा लोकसभा भाजपा सांसद प्रत्याशी कालीचरण सिंह के पक्ष में वोट करने को लेकर ग्रामीण जनता के साथ बैठक कर कार्यक्रम की गयी। मौके पर सभी को फुल माला एवं अंग वस्त्र से जोरदार स्वागत किया गया। मौके पर



सामाजिक सम्मेलन को संबोधित करते पांकी विधायक।

पांकी बिधानसभा क्षेत्र के बिधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता ने उपस्थित लोगों से चतरा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह को अपार मतों से जिताने की अपील की। डॉ मेहता ने कहा कि देश को विकास पुरुष नरेंद्र मोदी की जरूरत है और उनके हाथों को मजबूत करने के लिए चतरा सीट पर भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह को जीताने की जरूरत है। विधायक ने कहा कि देश की अस्मिता, समृद्धि, खुशहाली सुरक्षा और विकास के लिए भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में अपना एक एक बहुमूल्य मत देकर तीसरी बार प्रधानमंत्री के पद पर मोदी को बैठायें। तभी भारत विश्वगुरु और हिंदू राष्ट्र का दर्जा पा सकता है।

**खास बातें :** विधायक ने कहा कि देश श्री मोदी के नेतृत्व में सुरक्षित था और रहेगा। उन्होंने पांकी बिधानसभा क्षेत्र समेत चतरा लोकसभा क्षेत्र के समस्त मतदाताओं से भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह के पक्ष मे मतदान कर भारी मतों से जिताने का आग्रह किया। मौके पर लवली गुप्ता, बच्चन ठाकुर, बीरेंद्र वर्मा सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व काफी संख्या में ग्रामीण शामिल थे।

# आज भी विकास से कोसों दूर है विश्रामपुर विस क्षेत्र का सरौना

■ बरसात में गांव से बाहर जाना हो जाता है मुश्किल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** विश्रामपुर विस क्षेत्र के नावाबाजार प्रखण्ड क्षेत्र का गांव सरौना आज भी विकास से कोसों दूर है। पड़वा-गढ़वा मुख्य पथ से करीब 5 किमी और मेदिनीनगर-औरंगाबाद मुख्य पथ से तीन किलोमीटर की दूरी पर बसा सरौना गांव में जाने के लिए आज भी सड़क नहीं बन पाया है। सरौना लगभग चार सौ घरों की बस्ती है। गांव में जाने के लिए 2006 ग्रेड टु पथ का निर्माण किया गया था। जिसका अब लगभग नामोनिशान खत्म होने वाला है। ग्रामीणों की मानें तो बरसात के मौसम में मुख्य पथ पर जाना मुश्किल हो जाता है।



अपनी पीड़ा सुनाते ग्रामीण।

ग्रामीणों का कहना है कि बरसात के मौसम में भगवान से एक ही प्रार्थना करते हैं कि कोई बीमार न हो क्योंकि बरसात के मौसम में गांव में कोई वाहन नही जा पाता। ग्रामीणों की मानें तो महुलिनिया नाला पर पुल नहीं रहने के कारण अधिक बारिश होने पर गांव में ही कैद होना पड़ जाता है। ग्रामीण रामसेवक महतो, सुशील ठाकुर, अजय मेहता, गिरजा महतो, नंदु महतो, चंद्रधन महतो, चंदन मिस्त्री, कमेश महतो ने बताया कि आज तक गांव में कोई सांसद नहीं आएं हैं। सरौना के प्रवेश महतो का कहना है कि गांव में विकास नहीं होने के लिए ग्रामीण भी दोषी है। 2006 में विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी के प्रयास से ग्रेड टु पथ का निर्माण किया गया था। इसके बाद ग्रामीण मतदान के प्रति पूरी तरह से गंभीर नहीं दिखे।

### गर्मी में पेयजल आपूर्ति नियमित करने की मांग

**मेदिनीनगर।** राजद नेता विश्वनाथ राम घुरा ने नगर निगम आयुक्त से भीषण गर्मी में शहरवासियों को पेयजल आपूर्ति नियमित कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि आये दिन गर्मी से शहर के चापाकल, कुआं व बोरिंग का पानी काफी कम हो गया है। साथ ही शहर का जलस्तर नीचे चला गया है। नियमित पेयजलापूर्ति नहीं होने से लोगों को पानी के लिए परेशानी उठानी पड़ रही है। कहा कि शहर के कई मुहल्ले ड्राइ जोन में तब्दील हो गया है। नगर निगम कुछ मुहल्लों में ट्रैक्टर से पानी पहुंचाकर अपना पल्ला झाड़ ले रही है। शहरवासी पानी के लिए कठिनाईयों का सामना कर रहे हैं।

# नाबालिग लड़की को भगानेवाला युवक गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**पाटन पलामू।** थाना अंतर्गत जयमारन पथरा गांव निवासी छोटु भुइयां पिता गणेश भुईयां को नाबालिक लड़की के भगाने के आरोप में पाटन पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार छोटु भुईयां पिता गणेश भुईयां ग्राम जयमारन पथरा एवं रानी कुमारी पिता अखिलेश मोची ग्राम जयमारन पथरा दोनों का पूर्व से ही प्रेम प्रसंग चल रहा था।

दोनों एक सप्ताह पहले घर से शादी की नियत से भाग गये थे। रानी कुमारी के पिता अखिलेश मोची ने इस संबंध में पाटन थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। पुलिस लगातार दोनों की खोजबीन कर रही थी। इधर, पुलिस को गुप्त सुचना मिली कि दोनों चैनपुर के कंकारी में मंदिर में शादी कर रहे हैं। चैनपुर पुलिस एवं पाटन पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों को गिरफ्तार कर लिया । थाना प्रभारी लालजी ने बताया कि लड़की रानी कुमारी का उम्र 13 बर्ष है जो कि नाबालिग है वहीं लड़का छोटु कुमार का उम्र 18 वर्ष है। छोटु भुईयां ने रानी कुमारी को बहला फुसलाकर कर शादी करने के नियत से घर से भागा कर ले गया था।

# विश्वकर्मा समाज ने की हुसैनाबाद में विश्वकर्मा परिवार पर हमले की निंदा

■ गहमलावरों को जल्द गिरफ्तार करे पुलिस प्रशासन : लव विश्वकर्मा



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** हुसैनाबाद अनुमंडल के लोटानिया गांव में 13 मई की रात विश्वकर्मा परिवार पर उसी गांव के एक उपाध्याय परिवार ने जानलेवा हमला किया। इसमें विश्वकर्मा परिवार के चार-पांच लोग घायल हो गये। सभी का इलाज सदर अस्पताल मेदिनीनगर में चल रहा है। इसे लेकर विश्वकर्मा समाज ने हुसैनाबाद में विश्वकर्मा परिवार पर हुए जानलेवा हमले की निंदा की है। इधर, विश्वकर्मा समाज के पलामू जिला महासचिव लव कुमार विश्वकर्मा ने कहा कि पुलिस प्रशासन मामले की जांच कर हमलावरों को जल्द गिरफ्तार करे। कहा कि पिछले कई वर्षों से लगातार दबंग परिवार विश्वकर्मा परिवार पर कई बार हमला किया जा चुका है इसकी शिकायत हुसैनाबाद थाने में लिखित रूप से कई बार की जा चुकी है। गांव के पंचायत के द्वारा स्थानीय तौर पर कई बार पंचायत भी किया गया उसके बाद भी मनचले उपाध्याय परिवार के द्वारा इन लोगों पर जानलेवा हमला किया जाता रहा है।

### आयुष को मिले 94% अंक, गांव का नाम किया रौशन



**मोहम्मदगंज पलामू।** प्रखंड के गोडाडीह पंचायत के भाली गांव निवासी बबन सिंह के पौत्र आयुष पिताः स्व उमाशंकर सिंह ने आई सी एस ई 10वीं बोर्ड की परीक्षा में 94 प्रतिशत अंक लाकर क्षेत्र का नाम रौशन किया है। वह राज्य के रांची जिलान्तर्गत मैकलुस्कीगंज स्थित डॉन बोस्को एकेडमी का छात्र है। आयुष ने कहा कि वह डॉक्टर बनना चाहता है। उसने अपनी सफलता का श्रेय माता, दादा दादी, चाचा चाची सहित विद्यालय के शिक्षकों को दिया है। आयुष का पूरा परिवार कृषि पर निर्भर है। प्रारंभिक शिक्षा डॉन बोस्को एकेडमी से ही किया है।

# मानसिक रूप से विक्षिप्त लापता महिला का नरमुंड-हड्डी बरामद

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सतबरवा।** थाना क्षेत्र के ठेमी अकवनियां टांड़ जंगल से मंगलवार को सतबरवा पुलिस ने एक महिला का नरमुंड व हड्डी बरामद किया है। जिसकी पहचान कुंती देवी (40) वर्ष पति स्व बसंत भुइयां पोंची गांव के रूप में की गयी। सतबरवा थाना प्रभारी अंचित कुमार ने बताया कि मृतका की बेटी उर्मिला देवी ने साड़ी, ब्लाउज, बाल पीन के माध्यम से पहचान कर बताया कि यह मेरी मां है। थाना प्रभारी ने बताया कि 26 अप्रैल को उर्मिला देवी ने अपनी मां की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करायी थी। मृतका की बेटी ने ही ठेमी जंगल में शव होने की सूचना दी। इसी आधार पर पुलिस ने जंगल में जाकर शव को कब्जे में लिया। शव के रूप में एक कंकाल बरामद किया। मृतका की बेटी ने बताया कि मां का मानसिक स्थिति ठीक नहीं था। उर्मिला देवी ने बताया कि 28 अप्रैल को छोटी बहन का विवाह था। इसके पूर्व ही मां लापता हो गयी। बड़ी मुश्किल से बहन का विवाह किया।

### भूमि विवाद : दो पक्षों में मारपीट, कई घायल

**पाटन पलामू।** प्रखंड के केलहार गांव निवासी सुखराज प्रजापति एवं उसके परिवार तथा दुसरे पक्ष के शंकर प्रजापति के साथ जमीनी विवाद में जमकर मारपीट की घटना हुई। इसमें कई लोग घायल हो गये। जानकारी के अनुसार दोनों आपस में गोतीया है । जमीन को लेकर दोनों पक्षों में विवाद चल रहा था । आज दोनों पक्ष के लोगों ने आपस में मारपीट किये जिसमें दोनों पक्ष के कई लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। दोनों पक्षों के घायल लोगों का ईलाज पाटन स्वास्थ्य केंद्र में किया जा रहा था।

# रविवार से लापता वृद्ध का शव कुएं में मिला, हत्या का आरोप

■ मामले की छानबीन में जुटी पुलिस



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़ पलामू।** रामगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम बेड़मा बभंडी के सरयू मोची 55 वर्ष अपने घर से रविवार की दोपहर को निकले थे। जो लौटकर नहीं आये। लापता सरयू मोची के परिजनों ने काफी खोजबीन की, लेकिन कहीं कोई उसकी सूचना नहीं मिली। इधर, बुधवार को माइंस पर काम करनेवाले मजदूरों ने एक शव को कुआं में तैरते हुए देखा। इसकी सूचना गांव के लोगोंको दी गई। सूचना के आधार पर सरयू के परिजन व गांव वाले पहुंचे तो देखा कि रामगढ़ थाना क्षेद्ध के चौपरिया गांव के सरयू का शव कुआं में पड़ा है। यह कुआं उधम मियां के खेत में पड़ता है। इसकी सूचना पुलिस को दी गयी। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कुएं से बरामद कर अंत्यपरीक्षण के लिए मेदिनीराय मेडिल कॉलेज भेज दिया।

### धारा 144 लगने के बाद भी नहीं रूका निर्माण कार्य



**मेदिनीनगर।** विवादित जमीन जिस पर सदर एसडीओ ने विविध वाद संख्या 86/24 दर्ज कर दंड प्रक्रिया संहिता 144 लगाते हुए निर्माण कार्य पर रोक लगा दी है। साथ ही इसकी देखरेख व दंड प्रक्रिया संहिता को कायम रखने को लेकर विश्रामपुर थाना प्रभारी को भी निर्देशित किया। बावजूद विवादित जमीन में युद्धस्तर पर निर्माण कार्य कराया जा रहा है। विश्रामपुर थाना पुलिस के द्वारा विवादित जमीन पर कराए जा रहे निर्माण कार्य रोकने की दिशा में कोई भी पहल नहीं किया जा रहा। नतीजतन जमीन मालिक प्रथम पक्ष प्रसाद यादव न्याय के लिए भटक रहा है। साथ हीं सदर अनुमंडल अधिकारी के पास पहुंच घटना क्रम की आपबीती बताते सुनाते हुए कार्रवाई की मांग की। वहीं अनुमंडल पदाधिकारी के द्वारा दुरभाष पर मौखिक आदेश देते हुए निर्माणाधीन मकान पर रोक लगाते हुए एलवेस्टर सीट हटवाने का निर्देश दिया गया है। लेकिन थाना प्रभारी के द्वारा मामले को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा। जानकारी के अनुसार नावा बाजार थाना क्षेत्र के सोहदाग गांव निवासी प्रसाद यादव विश्रामपुर के बिजय यादव से वर्ष 2021 में दो डिसमिल जमीन की खरीददारी की थी।

# झामुमो के साथ चतरा में इंडी गठबंधन हुआ एकजुट : दीपक

■ झामुमो कार्यकर्ताओं ने इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी केएन त्रिपाठी के पक्ष में किया जनसंपर्क

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झामुमो के युवा नेता दीपक तिवारी ने इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी एन त्रिपाठी के पक्ष में अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। पांकी विधानसभा क्षेत्र के नीलांबर-पीतांबर पुर से लेकर, पदूमा, मनातू, चक तक जोरदार जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। वहीं पांकी के रतनपुर के अलावा मनिका विधानसभा



जनसंपर्क के दौरान इंडि महागठबंधन के कार्यकर्ता।

क्षेत्र के बकोरिया, बरवाईया, बिहरा, अखरा, झरनाचौक, बखात समेत दर्जनों गांव का दौरा किया। जनसंपर्क के दौरान श्री तिवारी ने ग्रामीणों की समस्या से अवगत हुए। श्री तिवारी ने कहा कि चतरा संसदीय क्षेत्र की जनता कृष्णानंद त्रिपाठी को विकल्प को तौर पर देख रही है। उन्होंने कहा कि झामूमो सुप्रीमो सह मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भाजपा ने इडी के जरिये जेल भेजने का काम किया है। झामूमो व झारखंड के जनता भाजपा के डरनेवाले नहीं हैं।

**इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी केएन त्रिपाठी को जिताने की अपील :** झारखंड की जनता भाजपा के चाल चरित्र से वाकिफ है। चतरा संसदीय क्षेत्र की जनता इस बार भाजपा प्रत्याशी को जवाब देगी। जनसंपर्क के दौरान श्री तिवारी ने 20 मई को घर-घर से निकलकर बूथ पर जाकर एकमत होकर इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी केएन त्रिपाठी को वोट देकर जिताने की अपील की। जनसंपर्क के दौरान माहताबुल्लाह खान, मिकू तिवारी, परवेज अख्तर समेत कई लोगों ने मतदाताओं से केएन त्रिपाठी के पक्ष में मतदान करने की अपील की।

# विधानसभा अध्यक्ष के हाथों मुखिया व पर्यावरणविद कौशल सम्मानित

■ देश व विदेश में अबतक 61 अवार्ड से सम्मानित हो चुके है पर्यावरण धर्म गुरु

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** रांची के बीएनआर, चाणक्य होटल में आयोजित एक सम्मान समारोह में सूबे के विधानसभा अध्यक्ष रविन्द्रनाथ महतो ने प्रख्यात पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल व मुखिया पूनम जायसवाल को प्राइड ऑफ झारखंड अवार्ड देकर सम्मानित किया। इसके पूर्व समारोह का शुभारंभ विस अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मौके पर पर्यावरण विद कौशल किशोर जायसवाल व मुखिया पूनम जायसवाल ने विस



अध्यक्ष को सिंगापुर के फिडल लिफ्ट और थाईलैंड का बारहमासी आम का पौधा प्रदान किया। समारोह में विधानसभा अध्यक्ष श्री महतो ने राज्य भर से आये विभिन्न क्षेत्रो में विख्यात लोगों को बारी- बारी से सम्मानित किया। उन्होंने पर्यावरण के क्षेत्र में विख्यात विश्व व्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्म गुरु व वनरखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल को शॉल व मोमेंटो देकर सम्मानित किया । इस अवसर पर उनके धर्मपत्नी सह डाली पंचायत के मुखिया पूनम जायसवाल भी उपस्थित थीं।

# 10 वर्ष के कार्यकाल में मोदी सरकार ने विकास को गति दी है : राजन भगत

## पूर्व विधायक प्रतिनिधि की अगुवाई में चेतर में भाजपाइयों ने चलाया जनसम्पर्क

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** लोकसभा चुनाव में मतदान की तिथि अब महज 4 दिन ही शेष रह गया है। ऐसे में राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता प्रचार प्रसार युद्ध स्तर पर तेज कर दिया है। गुरुवार को पूर्व विधायक प्रतिनिधि सह चेतर पंचायत प्रभारी राजन भगत की अगुवाई में भाजपाइयों ने पंचायत के विभिन्न गांव टोलों में सघन जनसंपर्क अभियान चलाया।

इस दौरान उन्होंने मोदी सरकार के दस वर्ष के कार्यकाल की उपलब्धियों को गिनाया। राजन भगत ने कहा कि 10 वर्ष के कार्यकाल में मोदी सरकार ने कृतिमान स्थापित किया है। मोदी सरकार द्वारा पीएम आवास, उज्जवला योजना, किसान सम्मान निधि, शहर से लेकर गांव तक सड़को का जाल बिछाने के साथ दर्जनों विकास योजनाएं संचालित की है जिसका सीधा लाभ आज गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है। इस बार विपक्षी पार्टी संविधान, लोकतंत्र के खतरे में होने का भय दिखाकर सत्ता में आना चाह रही है, लेकिन इस बार भी विपक्षी इंडी गठबंधन का हर षड्यंत्र विफल होगा व पुनः भाजपा की सरकार आएगी। पीएम मोदी का आने वाला समय सशक्त भारत निर्माण के लिए समर्पित होगा। जनसंपर्क के मौके पर पंचायत अध्यक्ष संतन प्रसाद, शंभू प्रसाद, लक्ष्मण यादव, रिंगलू भुईयां, सुभाष लोहरा, राजेश गंझू समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।



मौके पर मौजूद लोग

# भाजपा महंगाई, बेरोजगारी जैसे मुद्दे को लेकर कोई बात नहीं करती: बैद्यनाथ राम



दौरा करते विधायक बैद्यनाथ राम

## लातेहार झामुमो विधायक ने एक दर्जन से अधिक गांवो का किया दौरा

खबर मन्त्र संवादाता

**लातेहार।** लातेहार विधायक बैद्यनाथ राम ने बुधवार को चतरा संसदीय क्षेत्र के लातेहार प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम नावाडीह, सेमरी और डेमू सहित एक दर्जन से अधिक गांवो का बुधवार को दौरा कर चतरा संसदीय क्षेत्र के महागठबंधन प्रत्याशी केएन त्रिपाठी के पक्ष में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों को आगामी 20 मई को हाथ पंजा छाप पर बटन दबाकर केएन त्रिपाठी जी को विजयी बनाने एव तानाशाही ताकतों को रोकने का संकल्प दिलाया। विधायक ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने पिछले दस वर्षो में देश को काफी पीछे धकेल दिया है। वह सिर्फ धर्म संप्रदाय, हिंदू मुस्लिम और मंदिर मस्जिद के नाम पर लोगों को आपस में लड़ाने का काम कर रही है। जनता को बेवकूफ बनाकर झूठे वादे और प्रलोभन देकर भाजपा ने दस वर्ष राज्य कर लिया। लेकिन जिस महंगाई बेरोजगारी जैसे मुद्दे को लेकर उन्होंने कुर्सी हासिल की। उन मुद्दों पर अब कोई बात नहीं करते। क्योंकि देश में बेरोजगारी और महंगाई इतनी बढ़ गई है की गरीबों को दो वक्त की रोटी की जुगाड में इधर उधर भटकना पड़ रहा है। इसलिए क्षेत्र के विकास के लिए स्थानीय प्रत्याशी केएन त्रिपाठी को वोट देकर विजई बनाने का कार्य करें। उन्होंने आगे कहा कि चतरा की जनता ने इस बार बदलाव का मन बना लिया है। चतरा की जनता ने ठाना है केएन त्रिपाठी को विजयी बनाना है। झारखंड झुकेगा नहीं, इंडिया रुकेगा नहीं। मौके पर कांग्रेस प्रदेश प्रतिनिधि पंकज तिवारी, आफताब आलम, अंकित पाण्डेय ,वारिश अंसारी, दया पाण्डेय, गोपाल सिंह, वीरेंद्र पाठक, विशाल कुमार,दीपक कुमार समेत हजारों लोग मौके पर मौजूद थे।

# चतरा लोकसभा में मतदान 20 मई को 4 दिन शेष, वोटर मौन

खबर मन्त्र संवाददाता




**चंदवा।** चतरा संसदीय क्षेत्र में लोकसभा चुनाव में महज 4 दिन ही शेष रह गया है। ऐसे में विभिन्न दलों के कार्यकर्ता अपने-अपने प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने को लेकर पूरी ताकत जनसम्पर्क अभियान में झोंक दिया है। पार्टी के कार्यकर्ता अपनी-अपनी पार्टी के नीति-सिद्धांत व घोषण पत्र के माध्यम से जनता को अपनी ओर खींचने का प्रयास तो कर रहे हैं लेकिन वोटर इस बार मौन मुद्रा धारण कर 20 मई को होने वाली मतदान तिथि का इन्तेजार कर रहा है। इस बार चनाव में राजनीतिक दलों की नजर गांव वोटरों पर है। इसी का परिणाम है कि भाजपा, कांग्रेस हो या फिर अन्य दल व निर्दलीय प्रत्याशी सभी का फोकस गांव की ओर है। सभी दल के कार्यकर्ता गावो में लगातार जनसंपर्क अभियान चलाकर वोटरों को अपने पक्ष में खींचने की भरपूर कोशिश करते देखे जा रहे हैं और कोशिश की जा रही है कि गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचा जाए। इस बार के लोकसभा चुनाव में ग्रामीण वोटरों के साथ-साथ युवा वोटरों की भी भूमिका काफी अहम होने वाली है। ऐसे में सभी राजनीतिक दल के कार्यकर्ता इन्हें साधने का हर संभव कोशिश कर रहे हैं। इसके साथ ही जातीय समीकरण को भी साधने का भरसक प्रयास किया जा रहा है। इस बार के चुनाव में युवाओं के बीच बेरोजगारी, युवाओं के रोजगार, नौकरी, उन्नत शिक्षा जैसे मुद्दे हावी है तो सामान्य लोगो के बीच महंगाई, देश की शांति सुरक्षा, स्थानीय समस्या, क्षेत्र का विकास जैसे मुद्दे हैं। जिसको लेकर नेता व कार्यकर्ता अपने अपने तरीके से जनता को लुभाने का प्रयास कर रहे हैं। अब देखना दिलचस्प होगा कि चार जून को जारी होने वाले चुनाव परिणाम में ही पता चलेगा कि जनता का रुझान किस ओर रहा।

# लातेहार की डीइओ ने की चुनाव तैयारियों की समीक्षा



समीक्षा बैठक करते डीसी

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत किये जा रहे कार्यों एवं मतदान दिवस की सभी आवश्यक तैयारियों की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वप्रथम मतदान कर्मियों को केंद्रों तक पहुंचाने के लिए लातेहार विधानसभा, मनिका विधानसभा वार वाहनों की आवश्यकता पर चर्चा की गई।

जिला परिवहन पदाधिकारी ने बताया कि मतदान दल हेतु वाहनों की आवश्यकता का आकलन कर लिया गया है। मतदान केंद्र तक मतदान कर्मियों, मतदाताओं को पहुंचाने के लिए कुल 511 वाहनों की आवश्यक्ता होगी।

आगे उन्होने कहा की अभी तक 35 बस, 186 बोलेरो/स्कॉर्पियो, 130 सवारी वाहनों का अधिग्रहण किया गया है। आगे उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि जिन बस वाहन, बोलेरों वाहन मालिकों ने अधिग्रहण की चिट्ठी मिलने के बाद भी अभी तक गाड़ी जमा नहीं की है भविष्य में उनके खिलाफ सख्त करवाई की जाएगी। वाहनों की पर्याप्त व्यवस्था के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए उपायुक्त ने जिला परिवहन पदाधिकारी को वाहनों की आवश्यकता को देखते हुए पूर्व में ही आवश्यकता के अतिरिक्त वाहन अधिग्रहण करने व आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने का निर्देश दिया। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने जानकारी देते हुए बताया कि लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत 20 मई 2024 को लातेहार जिला में मतदान प्रक्रिया संपन्न कराने को लेकर 74 लातेहार, 73 मनिका विधानसभा क्षेत्रों के मतदान केंद्रों पर मतदान प्रक्रिया सम्पन्न कराने हेतु डिस्पैच सेंटर से सभी आवश्यक सामग्रियों के साथ सभी मतदान पदाधिकारी (पीठासीन, प्रथम मतदान पदाधिकारी, द्वितीय मतदान पदाधिकारी एवं तृतीय मतदान पदाधिकारी), सेक्टर पदाधिकारी, सेक्टर पुलिस पदाधिकारी को अपने-अपने निर्धारित मतदान केन्द्रों के लिए रवाना किया जायेगा। 65 हेली ड्रॉपिंग बूथ के लिए पीठासीन, प्रथम मतदान पदाधिकारी को मतदान केन्द्रों के लिए रवाना किया जायेगा। जिसके निमित्त सभी संबंधित पदाधिकारी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर लें।

समेत कई जानकारियां दी। बैठक में पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन, उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, अपर समाहर्ता रामा रविदास, उप निर्वाचन पदाधिकारी मेरी मड़की, जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी राजेश कुमार, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्रेयांश, प्रखंड विकास पदाधिकारी लातेहार, अंचल अधिकारी लातेहार, पुलिस पदाधिकारी, थाना प्रभारी एवं वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी व संबंधित पदाधिकारी जुड़े थे।

# कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में चलाया जनसंपर्क अभियान



जनसंपर्क अभियान चलाते विधायक

खबर मन्त्र संवाददाता

**महुआडांड़।** चतरा लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन समर्थित कांग्रेस प्रत्याशी के. एन. त्रिपाठी के पक्ष में मनिका विधान सभा के लोकप्रिय विधायक रामचंद्र सिंह अपने कार्यकताओं संग आधा दर्जन पंचायतों का तुफानी दौरा कर जनसंपर्क अभियान चलाये। इस दरम्यान रामचंद्र सिंह ओरसा, हामी, रेंगाई, चटकपुर, महुआडांड व अम्बवाटोली पंचायत के दर्जनों दुरूह ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा कर चतरा लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन समर्थित कांग्रेस प्रत्याशी के. एन. त्रिपाठी को ग्रामीणों से ज्यादा से ज्यादा वोट कर जीताने का अपील किये। विधायक ने कहा कि यह लोकसभा चुनाव संविधान और लोकतंत्र को बचाने व समरसता कायम रखने की चुनाव है। पुरे देश में इंडिया गठबंधन का लहर है।

देश के प्रधानमंत्री द्वारा जनता से किया गया वादा जुमला साबित हुआ है। उनका खेल जनता समझ चुकी है। विधायक ने राज्य सरकार के योजनाओं? का हवाला देते हुए कहा की राज्य सरकार ने जनता के हितों को ध्यान में रखकर योजनाओं को धरातल में उतारा है। तानाशाही बीजेपी सरकार के विरोध में अब लोगों को इंडिया गठबंधन को जीता कर केन्द्र में सरकार बनाना है।

## शांति निकेतन पब्लिक स्कूल को मिली सीआईएससीई की मान्यता, हर्ष

# गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने के लिए छात्रों को अब दूसरे शहरों में नहीं जाना पड़ेगा : डॉ.पवन

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** लातेहार जिले के बरवाडीह में संचालित शांति निकेतन पब्लिक स्कूल को सीआईएससीई (काउंसिल फॉर व इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन) से मान्यता मिलने पर विद्यालय प्रबंधन, अभिभावकगण और विद्यार्थियों में हर्ष का माहौल है। जानकारी देते हुए विद्यालय के निदेशक डॉ.पवन कुमार ने बताया कि विद्यालय को सीआईएससीई से कक्षा 10 तक की मान्यता मिली है। इसकी सूचना सीआईएससीई ने वेबसाइट पर जारी किया है। अब वर्ग नवम कक्षा में बच्चों का रजिस्ट्रेशन विद्यालय से किया जाएगा। बताया कि सीआईएससीई से मान्यता मिलने से बरवाडीह प्रखण्ड क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को इसका पूरा लाभ मिलेगा अब उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने के लिए दूसरे शहरों में नहीं जाना पड़ेगा तथा इससे शिक्षा का स्तर भी उठेगा। बताया कि हमलोग विद्यालय की संबद्धता को लेकर काफी प्रयासरत थे। इसे लेकर सीआईएससीई की टीम जिसमें द हेरीटेज स्कूल कोलकाता और लोयोला स्कूल भुनेश्वर के द्वारा विद्यालय का निरीक्षण करते हुए सभी बिंदुओं पर गहनता से जांच की गई थी। विद्यालय में बच्चों के लिए अनुभवी शिक्षकों के द्वारा पढ़ाई, साइंस लैब, कंप्यूटर लैब, लाइब्रेरी, बेहतर खेल मैदान के अलावे बच्चों के मनोरंजन के अन्य सामग्री, स्वास्थ्य सुविधाओं सहित सुरक्षा जैसे कई अहम विंदुओं पर गहनता से जांच की गयी थी। निदेशक ने बताया कि संबद्धता को लेकर विद्यालय प्रबंधन के अलावे, अभिभावकों विद्यालय के शिक्षकों सहित सभी लोगों की अहम भूमिका रही है। निदेशक ने बताया कि शांति निकेतन पब्लिक स्कूल की स्थापना 2016 में की गई थी। विद्यालय का उद्देश्य ग्रामीण व सुदूरवर्ती इलाके के बच्चों को कम खर्च पर अंग्रेजी माध्यम के विद्यालयों की सभी सुविधाओं को मुहैया कराना है। संस्था जागृति ग्राम उत्थान (1289/2010-11) के द्वारा विद्यालय का संचालन किया जाता है। विद्यालय में शैक्षणिक व्यवस्था की सुदृढ़ करने के लिए मैनेजमेंट के द्वारा शुरू से ही काफी बेहतर प्रयास किया जाता रहा है। अनुशासन के बीच संस्कार युक्त शिक्षा देने के लिए विद्यालय प्रयासरत रहा है, अन्य सभी सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जाता है, ताकि विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों का शारीरिक मानसिक के साथ सर्वांगीण विकास हो सके। विद्यालय के निदेशक ने संबद्धता मिलने पर सीआईएससीई बोर्ड के टीम के सदस्यों, अभिभावकों, शुभचिंतकों का आभार प्रकट किया है। इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधक सीमा गुप्ता प्राचार्य एच एस स्वाधीन पाल सहित के लोग मौजूद थे।




जानकारी देते निदेशक डॉ.पवन कुमार

**नवी कक्षा से होगा एडमिशन :** निदेशक ने बताया कि संबद्धता मिलने के बाद अब नौंवी कक्षा में एडमिशन होगा। विद्यालय का पूर्व में संबद्धता नहीं मिलने से परेशानी महसूस कर रहा था। लेकिन लंबे संघर्ष के बाद आज विद्यालय इस मुकाम पर पहुंचा है।

### निर्धन बच्चों को भी महंगी शिक्षा उपलब्ध कराने का है लक्ष्य

निदेशक ने बताया कि विद्यालय शुरू से ही जरूरतमंदों के बीच बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से काम करता रहा. विद्यालय निर्धन बच्चों को भी शिक्षा उपलब्ध कराने को लेकर कई सुविधाएं मुहैया कराया है। री- एडमिशन फीस विद्यालय के द्वारा नहीं दिया जाता है। वहीं प्रत्येक वर्ष किताबों को भी नहीं बदला जाता है।इस कारण निर्धन अभिभावक भी अपने बच्चों को इस विद्यालय में पड़ने को लेकर उत्सुक रहते हैं।

## एक नजर में

### डेंगू को लेकर जिला स्तरीय मीडिया ब्रिफिंग कार्यशाला का किया आयोजन

**लातेहार।** आगामी 16 मई को राष्ट्रीय डेंगू दिवस अंतर्गत जन जागरूकता को लेकर बुधवार को सिविल सर्जन कार्यालय में सीएस अवधेश सिंह के द्वारा डेंगू जिला स्तरीय मीडिया ब्रिफिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए सीएस ने बताया कि मलेरिया विभाग द्वारा डेंगू पर नियंत्रण के लिए बरसात से पहले ही पुख्ता रणनीति बनाकर कार्य कर रही हैं। जिससे मानसून में जल भराव वाले क्षेत्रों में मच्छरों की पैदाईश को नियंत्रित किया जा सके। इसे लेकर आम लोगों को जागरूक किया जाएगा। बताया कि जलवायु परिवर्तन, बढ़ता तापमान, वर्षा के पैटर्न में बदलाव, शहरीकरण, जल भण्डारण प्रथाएं, बढ़ती हुई आद्रता, लोगों की बदलती दिनचर्या इत्यादि की वजह से डेंगू जैसे केसों में बढ़ोत्तरी को किस प्रकार नियंत्रित किया जा सकता है। इसके बारे में विस्तृत जानकारी साझा की। अनावश्यक जल भराव व साफ-सफाई का रखे ख्याल : कहा कि डेंगू नियंत्रण का सबसे कारगर उपाय अनावश्यक जल भराव को रोकना है। साथ ही घर के कूलर की नियमित साफ-सफाई, कबाड़ व पुराने बर्तनों व गमलों, टायरों में मच्छरों को पनपने से रोकना होगा। सीएस ने कहा कि इसे लेकर जागरूकता कार्यक्रम जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र और उप स्वास्थ्य केन्द्र स्तर पर आयोजित किया जाएगा। जिसमें प्रभात फेरी, ग्राम गोष्ठी और विद्यालय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है, ताकि अधिक से अधिक लोग डेंगू जैसे खतरनाक बीमारी के प्रति जागरूक हो सकें। डेंगू के रोकथाम को लेकर सीएस ने मीडिया को जानकारी देते हुए कहा कि डेंगू मच्छर रात में नहीं दिन में ही काटता है और साफ पानी में ही पनपता है। उन्होने अपील करते हुए कहा कि लोग अपने कूलर बंद कर देंगे पर कुलर रखने से पहले उसे अच्छे तरीके से साफ करें और हो सके तो उसमें दो चार बूंद मिट्टी के तेल डाल दें। जिससे उसमें डेंगू पनपने की संभावना खत्म हो जायेगी। उन्होंने बताया कि डेंगू का कोई इलाज नहीं है अभी तक कोई दवा भी नहीं बना है और कोई वैक्सीन भी नहीं है। कार्यशाला में मुख्य रूप से प्रभारी जिला मलेरिया पदाधिकारी अनिल कुमार, जिला कार्यक्रम प्रबंधक गौरव कुमार, जिला भीबीडी सुनील कुमार और जिला लेखा प्रबंधक उमेश प्रसाद शामिल रहे।

### हाथ को मजबूत करने में गांव गांव में जुटा लाल झंडा

**चंदवा।** हांथ को मजबूत करने के लिए गांव गांव में माकपा नेता और कार्यकर्ता लाल झंडा के साथ जूट गए हैं। बुधवार को पार्टी ने चटुआग में बैठक कर इंडिया गठबंधन के कांग्रेस उम्मीदवार केएन त्रिपाठी के पक्ष में प्रचार किया। बैठक को संबोधित करते हुए माकपा के वरिष्ठ नेता अयुब खान ने कहा कि खनिज संम्पदा का महत्वपूर्ण क्षेत्र होने के बावजूद क्षेत्र पिछड़ा हुआ है, बेरोजगारी और पलायन यहां चरम पर है।विस्थापन और विस्थापितों के प्रति भाजपा की बेरुखी जगजाहिर है। इस चुनाव में हमारे संविधान का धर्मनिरपेक्ष चरित्र, जनवाद और देश का संघीय ढांचा सभी कुछ दाव पर लगा हुआ है, पिछले 10 सालों से केन्द्र में जिस पार्टी की सरकार है उसने केवल जनता को बांटने और हमारे देश के लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर करने के साथ - साथ देश की राष्ट्रीय संपत्ति की लूट में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी है। बैठक में ललुवा गंझु, गबरेल मुंडा, सनिचरवा परहैया, रतिया नगेसिया, बुधराम बारला, एतवा मुंडा, बेने तोपनो, अजीत टोपनो, दाउद होरो, नयन भेंगरा, सिमांन भेंगरा समेत कई कार्यकर्ता व समर्थक शामिल थे।

### धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है पंचमुखी मंदिर का वार्षिकोत्सव

**चंदवा।** शहर से सटे सरोज नगर स्थित पंचमुखी श्री हनुमान मंदिर का वार्षिकोत्सव समारोह बुधवार से शुरू किया गया। दो दिनी इस उत्सव समारोह में बुधवार को पहले दिन श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। गुरुवार की सुबह पूणार्हुति के बाद पूजन कार्यक्रम हवन व महाआरती होगी व महाप्रसाद का वितरण होगा। गुरुवार की शाम मंदिर परिसर में ही भव्य भंडारा का आयोजन होगा। समिति के सचिन कुमार, आर्यन पांडे, गोलू शर्मा, राहुल सोनी,विशाल जडेजा, मनोज सिंह, गुड्डू सिंह,अनिल सिंह समेत अन्य लोग तैयारी को भव्य बनाने के लिए पूरी तन्मयता से लगे हैं।

### बीएलओ के बीच मतदाता सूची व पोस्टर का वितरण

**चंदवा।** जिला प्रशासन के निर्देश पर आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर मतदान केंद्रों पर मतदाताओं को चुनावी संबंधी जानकारियां देने को लेकर बीएलओ के बीच चुनावी जागरूकता पोस्टर के साथ मतदाता सूची का वितरण किया गया। पोस्टर वितरण के दौरान निवार्ची पदाधिकारी सह बीडीओ चंदन प्रसाद ने आवश्यक दिशा-निर्देश बीएलओ को दिए। पोस्टर के माध्यम से मतदान केंद्र की दीवार पर मतदान केंद्र का विवरण, उम्मीदवारों की सूची, क्या करें क्या न करें, वोटर आइडी, वोट के लिए प्रयोग किए जानेवाले दस्तावेजों की सूची के साथ अपना वोट कैसे दें इसके अलावा किसी भी तरह की असुविधा होने पर हेल्प डेस्क की स्थापना का पोस्टर वितरित किया गया। इधर चुनावी कर्मियों के लिए रसोइया द्वारा भोजन की व्यवस्था के लिए भी निर्देशित किया गया। मौके पर लव कुमार पासवान, किशन कुमार, विद्या रानी, सुषमा देवीसमेत अन्य मौजूद थे।

### भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने मांगा जीत का आशीर्वाद

**बालूमाथ।** चतरा लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने बुधवार को बालूमाथ प्रखंड के झाबर, ईचाक एवं बालू पंचायत में प्रचार प्रसार अभियान चलाया और जीत के लिए आशीर्वाद मांगा। मौके पर बोलते हुए कालीचरण सिंह ने कहा कि क्षेत्र का बेटा होने के नाते हर समय जनता के लिए खड़ा रहूँगा। भाजपा ने आजादी के बाद पहली बार लोकल प्रत्याशी के रूप में मुझपर विश्वास किया है। इसलिए आप सभी लोग लाखो वोट से मुझे जिताये। ताकि मैं इस क्षेत्र का विकास कर सकूं। मौके पर भाजपा कार्यकताओं ने आपकी बार 400 पार, काली चरणसिंह जिंदाबाद,नरेंद्र मोदी जिंदाबाद, अमित शाह जिंदाबाद, बाबूलाल मरांडी जिंदाबाद के नारे लगाए। मौके पर रामकुमार गुप्ता, अशोक साव, लक्ष्मणकुशवाहा, अमित कुमार, अरविंद प्रसाद, पूनम देवी, रघुनंदन सोनी, विजय ठाकुर, गजेंद्र हिमांशु, मुखिया पति बासुदेव उरांव, आनंद कुमार, अनिल प्रजापति, पप्पू उराँव, अर्जुन सिंह, हरभजन सोनी मंटू भुईयां, लालजी उराँव, नागेंद्र प्रसाद समेत कई लोग मौजूद रहे।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने चलाया जनसंपर्क अभियान

**बालूमाथ।** चतरा लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा कार्यकताओं के द्वारा बालूमाथ प्रखंड के हेमपुर, खरटिया, भैसादोन, चितरपुर ग्राम का दौरा कर लोगों को भाजपा के कालीचरण के पक्ष में वोट देने की अपील की गई। इस दौरान जगह-जगह पर सभा कर लोगों को भाजपा द्वारा किये विकास कार्यों के बारे में बताया गया। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा चलाए जा रहे फ्री राशन, पीएम आवास, पीएम किसान सम्मान निधि, आयुष्मान कार्ड से मुफ्त इलाज समेत कई सरकारी योजनाओं के बारे में बताया गया। मौके पर भाजपा नेता संजय यादव, शैलेश सिंह, अखिलेश भोक्ता, संजीव सिन्हा, मनोहर साव, रविंद्र सिन्हा, सूरज शाह, रंजय सिंह, मिथिलेश सिंह, पंकज सिन्हा, सुनील पांडे, राजेंद्र चावल, पवन यादव, संतोष ठाकुर, कर्मा गंझु, दशरथ गंझु, बबलू ठाकुर, कुंती देवी, गुड़िया देवी, जिरवा देवी, ललिता देवी, कुंती देवी समेत कई लोग मौजूद थे।

